एक नजर

अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव ने किया उद्घाटन



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव ने शुक्रवार को लखीमपुर शहर के मेला रोड पर हिमालियन बुद्धिष्ठ वूलेन दुकानों का उद्घाटन किया। इस मौके पर दुकानदारों ने बताया कि वूलेन कपड़ा, जाकेट, स्वेटर टोपा, स्टाल सहित आदि कपड़े हिमांचल प्रदेश लेकर आये है। पूरे जाड़े के सीजन में वह लखीमपुर शहर के बंसत टाकिज में दुकान लगाकर व्यापार करेगें। अध्यक्ष नगर पालिका ने एक-एक स्टाल का अवलोकन किया। ग्रम कपड़ो की खरीददारी भी की। इस मौके पर व्यापारी नेता रमेश अग्रवाल, रवि गोस्वामी, राम जी सहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

धनतेरस पर धौरहरा की बाजार में भारी भीड़

धौरहरा खीरी। धनतेरस के पावन पर्व पर नगर पंचायत धौरहरा की बाजार में खरीदारी के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से ही बाजार में रौनक देखने को मिली, वहीं शाम होते-होते मुख्य बाजार की सड़कें ग्राहकों से खचाखच भर गईं। धनतेरस के अवसर पर लोगों ने बर्तन, आभूषण, सजावटी सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पूजन सामग्री और दीपावली से जुड़ी वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। बाजार में जगह-जगह सजी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया हुआ था। बाजार में महिलाओं, बच्चों और युवाओं की भारी चहल-पहल देखने को मिली। भीड़ के चलते मुख्य बाजार में पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। दोपहिया वाहनों और साइकिलों की आवाजाही से कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित रहा। धनतेरस की खरीदारी को लेकर व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। त्योहार की रौनक और बाजार में उमड़ी भीड़ ने दीपावली के उत्साह को और बढ़ा दिया। देर शाम तक धौरहरा की बाजार में खरीदारी का सिलसिला जारी रहा।

किसानों को धान पंजीकरण में मिली बड़ी राहत

लखीमपुर खीरी। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (डैच) पर धान बेचने के लिए पंजीकरण में आ रही समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही थी। इसी क्रम में 29 अक्टूबर को संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी धर्मेंद्र मलिक ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई थी। संगठन के लगातार प्रयासों एवं मुख्यमंत्री जी को भेजे गए पत्र के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा धान पंजीकरण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए किसानों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। शासन के नए आदेश के अनुसार, जिन किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है और वे उसमें दर्ज विवरण से संतुष्ट हैं, वे फार्मर आईडी के आधार पर धान पंजीकरण करा सकेंगे। वहीं, जिन किसानों को फार्मर आईडी में दर्ज विवरण से संतुष्टि नहीं है, उन्हें पिछले वर्ष की भांति पुरानी पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से पंजीकरण कराने की सुविधा दी गई है।डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर आईडी में तकनीकी त्रुटियों के कारण किसानों को धान पंजीकरण में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सरकार के इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी तथा वे सरकारी खरीद केंद्रों पर अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए पंजीकरण करा सकेंगे।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने कहा कि संगठन किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करता रहेगा। किसानों की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना संगठन की प्राथमिकता है। किसानों को मिली यह राहत संगठन के निरंतर प्रयासों और किसान एकता की ताकत का परिणाम है।

सीडीओ योगानंद पांडेय ने वृद्धाश्रम पहुंचे

लखीमपुर खीरी। सीडीओ योगानंद पांडेय दीपावली की खुशियां बांटने सलेमपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने बुजुर्गों के बीच पहुंचकर त्योहार की खुशियां साझा कीं और उन्हें यह एहसास कराया कि वे समाज और प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित वृद्धाश्रम में सीडीओ को अपने बीच पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। सीडीओ ने प्रत्येक वृद्धजन से आत्मीयता के साथ बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को फल, मिठाई एवं दीपावली के अन्य उपहार भेंट किए। उपहारों के साथ मिले स्नेह और सम्मान ने बुजुर्गों को भावुक कर दिया। वृद्धजनों ने भी सीडीओ को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। कुछ पल के लिए वृद्धाश्रम का माहौल किसी परिवार के उत्सवी मिलन जैसा हो गया। सीडीओ योगानंद पांडेय ने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनकी दिनचर्या और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। उनकी आत्मीयता ने यह संदेश दिया कि त्योहार की खुशियां तभी पूरी होती हैं, जब समाज के हर वर्ग तक उनका उजाला पहुंचे। खासकर जीवन के इस पड़ाव पर बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और साथ देना हम सभी का सामाजिक दायित्व है।इस अवसर पर पीडी डीआरडीए सतीश कुमार पाण्डेय एवं वृद्धाश्रम के केंद्र संचालक मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर ,बाइक सवार की मौत

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के अड़ेरुवा गांव के पास गुरुवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस घायल को लोहचा सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बारासगवर थाना क्षेत्र के नरपतखेड़ा गांव निवासी कुंवर बहादुर (42) पुत्र श्रीराम लखनऊ में शटरिंग लगाने का ठेका लेते थे। गुरुवार देर शाम वह लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड हाईवे से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अड़ेरुवा गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तलाशी के दौरान मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान की। पति की मौत की खबर मिलते ही पत्नी अनीता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। चचेरे भाई शिव बोधन के मुताबिक मृतक के तीन बेटे सूरज, शिवांश और पिंटू हैं। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

धनतेरस-दीपावली पर सुरक्षा का पहरा, बाजारों में उतरे एसएसपी

उन्नाव। धनतेरस और दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था तेज कर दी है। शुक्रवार को एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव के साथ अचलगंज कस्बे के मुख्य बाजार और सर्राफा बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान व्यापारियों और आमजन से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं।एसएसपी ने व्यापारियों से त्योहार के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में भारी भीड़ रहती है, ऐसे में सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता जरूरी है। उन्होंने थाना प्रभारी को बाजारों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, नियमित पैदल गश्त करने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों को त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

झालर लगाते समय करंट से राजमिस्त्री की मौत

दही, उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के गंगाखेड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर घर में झालर लगाते समय करंट की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव निवासी राम खिलावन का बेटा विशाल (26) राजमिस्त्री था। शुक्रवार दोपहर वह अपने घर में दीपावली के लिए झालर लगा रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। परिजनों ने मेन स्विच बंद कर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विशाल की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

त्योहारों पर हुड़दंग व अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं होगी- डीएम



उन्नाव। दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज और छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए डीएम घनश्याम मीना ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, सफाई, बिजली और पेयजल व्यवस्था की समीक्षा कर लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी।ज्ञात हो कि डीएम ने एसडीएम और सीओ को संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर पटाखों के अवैध भंडारण की जांच करने के निर्देश दिए। पटाखा दुकानों का सत्यापन कर सुरक्षा मानकों का पालन कराने और आबादी वाले क्षेत्रों में दुकानें न लगने देने को कहा। अग्निशमन वाहन, पानी के टैंकर और एंबुलेंस की तैनाती पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावटी मिठाई और खाद्य पदार्थों के खिलाफअभियान चलाने तथा नकली शराब की बिक्री पर कार्रवाई करने को कहा। नगर निकायों को सफाई, स्ट्रीट लाइट, फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव कराने के निर्देश दिए। छठ घाटों पर प्रकाश, शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था समय से पूरी करने को कहा। बैठक में सीडीओ कृतिराज, एडीएम सुशील कुमार गोंड, विधेश, डीडीओ देव चतुर्वेदी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षा और युवाओं का भविष्य का सम्बन्ध देश के विकास से है

तुलसीपुर/बलरामपुर। विधान सभा क्षेत्र के विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने यूजीसी के नियमों को लेकर देशभर में छात्रों और अभिभावकों के बीच उठ रही आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष स्पष्ट करने तथा इस संबंध में समिति गठित करने के निर्णय का स्वागत किया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम सभी वर्गों के छात्रों के हितों और उनके भविष्य को ध्यान में रखकर उठाया गया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जनमानस की आशंकाओं को गंभीरता से समझते हुए सर्वोच्च न्यायालय में स्पष्ट किया है कि यूजीसी के नियमों में किसी भी प्रकार के असंतुलन के कारण किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। इसके लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है।

मण्डी लखीमपुर में किसानों को दी गयी चेक



लखीमपुर-खीरी। धनतेरस के शुभ अवसर पर कृषि उत्पादन मंडी समिति लखीमपुर में स्वच्छ मंडी, शुभ मंडी अभियान के तहत दीपोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडी के व्यापारियों के साथ मंडी सचिव आशीष कुमार सिंह सहित मंडी के कर्मचारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने दीपोत्सव समारोह में सहभागिता कर स्वच्छता और सकारात्मकता का संदेश दिया। शासन के निर्देश पर राजापुर नवीन मण्डी लखीमपुर में शुक्रवार को दीपावली के उपलक्ष्य में दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर मुख्य अतिथि पवन कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री खेत खलिहान योजना के अन्तर्गत राजापुर मंडी में किसान अशोक को 13110 रू ,कन्हैया लाल को 13110, गनेश प्रकाश सिंह 37860 रू का डेमे चेक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मण्डी सचिव लखीमपुर अशीष कुमार सिंह ने बताया कि तीन किसानों को डेमे चेक दिया गया है। इनके खाते में पैसा भी पहुंच गया है। इस मौके पर किसान अशोक , कन्धई लाल , गनेश प्रकाश सिंह, प्रीतम सिंह बग्गा, सिब्बू मिश्रा , मानवेन्द्र सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

1.51 लाख दीये खरीदकर कुम्हारों को दिया सम्मान



उन्नाव। दीपावली पर घरों को रोशन करने के साथ कुम्हार परिवारों के जीवन में खुशियां लाने की पहल की गई। नर सेवा नारायण सेवा समिति के संस्थापक विमल द्विवेदी ने कुम्हारों से 1.51 लाख मिट्टी के दीये मुंहमांगे दाम पर खरीदे और उन्हें दीपावली उपहार के रूप में आमजन को नि:शुल्क वितरित किया।बताते चलें कि गांधीनगर चौराहे से बड़े चौराहे तक मुख्य मार्ग के बाजार में हुए वितरण में लोगों ने उत्साह दिखाया। विमल द्विवेदी ने कहा कि मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान हैं। इनके उपयोग से घरों में रोशनी के साथ स्थानीय कारीगरों के घरों में भी खुशियां पहुंचती हैं। उन्होंने लोगों से चीनी उत्पादों और ऑनलाइन बाजार पर निर्भरता कम कर स्थानीय कारीगरों व दुकानदारों से खरीदारी करने की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रभारी अजय त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष राकेश राजपूत, एके दीक्षित, राजेश मिश्रा, योगेंद्र तिवारी, मनीष मिश्रा, सुजीत सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीराम तीर्थ चौधरी ग्रुप आफइण्टर कालेज का स्थापना दिवस

उतरौला/बलरामपुर। थाना गैडास बुजुर्ग अन्तर्गत ग्राम पंचायत इमलिया बनघुसरा में स्थित श्रीराम तीर्थ चौधरी ग्ररुप आफ इण्टर कालेज का स्थापना दिवस हर साल की तरह इस साल भी बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रेरणा स्थल पर पूर्व विधायक श्याम लाल वर्मा व उनकी पत्नी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के पश्चात विधायक राम प्रताप वर्मा, डॉक्टर रमाकान्त वर्मा, शिवाकान्त वर्मा ने अपने माता-पिता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इसके बाद मुख्य अतिथियों ने स्वस्ति वाचन एवं दीप प्रज्ज्वलन भी किया गया। सरस्वती वन्दना से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्र-छात्राओं ने एक से बढकर एक आकर्षक प्रस्तुतियां पेश की। स्वागत गीत, सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, लोक गीत और नाटक ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कजरी डांस,राधा गोरी-गोरी, बेटी हूं मैं बेटी, लब मेरा हिट हिट, सारा-रा-रा, जब जिद पर आ गयी पार्वती, बरसो से मेघा, घर मोरे परदेसिया, थाडे जैसा न कोई, सरारा- सरारा, सनम मेरा हिन्दुस्तान और लाल सरारा जैसे नृत्यों पर पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। ड्रग एडिक्श न (नशा मुक्ति)अवेयर नेस ड्रामा और संगत का असर जैसे नाटकों ने सामाजिक सन्देश देकर अभिभावकों और आमंत्रित जनों का मन मोह लिया। लोक गीत - अढहुल कय फुलवा और एकल नृत्य - प्रेम लीला, रास लीला, बाबुल रे है इश्क पुराना की प्रस्तुतियों को विशेष सराहना मिली।

भागवत कथा में सुनाया सुदामा-कृष्ण की मित्रता का प्रसंग

तुलसीपुर/बलरामपुर। विकास खंड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत अर्जुनपुर में भाजपा के पूर्व जिला मंत्री रामप्रसाद सिंह के आवास परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान की धारा प्रवाहित हो रही है। कथा के दौरान सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कथा में मुख्य अतिथि के रूप में बलरामपुर सदर के भाजपा विधायक पल्टूराम, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, चीनी मिल के जीएम ओमपाल सिंह एवं चंद्रशेखर सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह तथा भाजपा नेता अजय सिंह पिंकू पहुंचे। अतिथियों ने कथा व्यास पंडित कृष्ण देव पांडे का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मिट्टी की सेहत सुधारने को गोंडा में शुरू हुआ 'खेत बचाओ अभियान'

अयोध्या धाम। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के उद्देश्य से आईटीसी मिशन सुनहरा कल के क्लाइमेट स्मार्ट विलेज (सीएसवी) कार्यक्रम के तहत 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया गया। कृषि विभाग एवं उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के सहयोग से शुरू हुए अभियान का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने किया। उप कृषि निदेशक संतोष द्विवेदी, आईटीसी एबीडी हब इंचार्ज विनय त्रिपाठी सहित आईटीसी मिशन सुनहरा कल की टीम के सदस्य धनेश गर्ग, अरुणेंद्र वर्मा और अन्य सहयोगी मौजूद रहे।अभियान के तहत किसानों को मिट्टी की सेहत बनाए रखने, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, फसल अवशेषों के उचित निस्तारण और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे खेती की लागत कम करने के साथ उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हो सके।मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि किसानों की समृद्धि और कृषि की स्थिरता के लिए मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण बेहद जरूरी है। किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक तरीकों से खेती करनी चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग और आईटीसी मिशन सुनहरा कल की इस पहल से अधिक से अधिक किसानों को जुड़ने की अपील की।उप कृषि निदेशक संतोष द्विवेदी ने अभियान में कृषि विभाग की ओर से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसानों तक नवीन कृषि तकनीकों और विभागीय योजनाओं की जानकारी पहुंचाना आवश्यक है। क्लाइमेट स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के तहत किसानों की क्षमता वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, कृषि विविधीकरण और संस्थागत विकास पर काम किया जा रहा है।

महंगाई के बावजूद धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़



शुक्लागंज, उन्नाव। धार्मिक मान्यताओं और उल्लास के प्रतीक पर्व धनतेरस पर शुक्लागंज नगर में भारी उत्साह देखने को मिला। हालांकि पर्व की शुरुआत में सुबह के वक्त बाजारों में ग्राहकों की चहल-पहल कुछ कम रही, लेकिन जैसे-जैसे शाम ढली, बाजारों में खरीदारों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस बार धनतेरस पर महंगाई का असर भी साफतौर पर दिखाई दिया, जिसके चलते लोगों ने महंगे सामानों के साथ-साथ बजट के अनुकूल उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी में खासी दिलचस्पी दिखाई। रात के अंतिम पहर तक नगर के बाजारों में रौनक बनी रही।धनतेरस पर सोना और चांदी खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है, हालांकि इनके आसमान छूते दामों को सुनकर कई ग्राहक एक पल के लिए चौंके जरूर, लेकिन इसके बावजूद परंपरा का निर्वहन करते हुए लोगों ने दिल खोलकर खरीदारी की। सराफा बाजारों में खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ जुटी रही। व्यापारियों ने बताया कि सोने-चांदी के सिक्कों और पारंपरिक जेवरों के साथ-साथ डायमंड हार व अंगूठियों की भी जमकर बिक्री हुई। कीर्ति ज्वैलर्स के राजेश बाजपेई, कमल ज्वैलर्स के कमल वर्मा, रॉयल ज्वैलर्स के अंकित सोनी, पुरुषोत्तम ज्वैलर्स के मयंक शुक्ला, राजवती ज्वैलर्स के आशीष बाजपेई, राजू ज्वैलर्स के मुन्ना व राजू, तथा सोनी ज्वैलर्स के अंकित सोनी ने बताया कि महंगाई के बाद भी ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ और लोगों ने सोने-चांदी के सिक्कों, ज्वैलरी और डायमंड आइटम्स की बेहिचक खरीदारी की। इसके अलावा, आधुनिक दौर की जरूरत बन चुकी एलईडी और एलसीडी टीवी की दुकानों पर भी ग्राहकों का तांता लगा रहा। रंग-बिरंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और दोपहिया वाहनों के शोरूम पर भी अच्छी खासी बुकिंग और बिक्री दर्ज की गई। दुकानदारों का मानना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बाजार का कारोबार काफी बेहतर रहा है।

एक नजर

कोतवाल आवास के सामने टप्पेबाजी, महिला के सात हजार रुपये पार

उन्नाव। धनतेरस पर बाजार में खरीदारी की भीड़ के बीच टप्पेबाजों ने कोतवाल आवास के सामने ही महिला के सात हजार रुपये पार कर दिए। शातिर ने ब्लेड से पॉलिथीन काटकर वारदात को अंजाम दिया और भीड़ में गायब हो गया।जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अमीरखेड़ा गांव निवासी विनोद की पत्नी रेखा देवी अपनी 12 वर्षीय बेटी महक के साथ धनतेरस की खरीदारी करने शहर आई थीं। दोनों के पास पॉलिथीन में सात हजार रुपये रखे थे। खरीदारी के लिए जाते समय किसी टप्पेबाज ने कोतवाल आवास के सामने पॉलिथीन काटकर नकदी निकाल ली। कुछ देर बाद रुपये गायब होने का पता चलने पर मां-बेटी सड़क पर ही रोने लगीं। पीड़िता ने गांधी नगर बैरिकेडिंग के पास खड़े सिपाही को घटना की जानकारी दी। सिपाही ने उन्हें शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस पिंक बूथ भेज दिया। कोतवाल आवास के सामने हुई वारदात ने त्योहार पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।

मिठाई के डिब्बे बनाने के कारखाने में लगी आग, हड़कंप

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रैथाना गांव में गुरुवार रात कागज के मिठाई के डिब्बे बनाने वाले कारखाने में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरे कारखाने को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वहां रखा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मोहिनी दीक्षित पत्नी रमाकांत दीक्षित कारखाने में मिठाई के डिब्बे बनाने का काम करती हैं। गुरुवार रात करीब नौ बजे अचानक कारखाने में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने पुलिस और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से पूरा कारखाना जल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

बाइक सवार को बचाने में खंती में पलटी मिनी बस, छह घायल

उन्नाव। सफीपुर कस्बे के पूर्वी छोर पर शुक्रवार को हरदोई मार्ग पर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में यात्रियों से भरी मिनी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने बस के शीशे तोड़कर करीब 40 यात्रियों को बाहर निकाला।जानकारी के अनुसार हादसे में फायर स्टेशन बांगरमऊ में तैनात सिपाही समेत छह लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत में श्यामा देवी (50) को जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में सराय सूबेदार निवासी विनोद सिंह (52), उनकी पत्नी श्यामा देवी, देवगांव निवासी आलोक (20), बांगरमऊ के दहन गांव निवासी संध्या (25), हरदोई के नीलकंठ बेहटा निवासी राजेश (25) और सिपाही विनोद यादव (50) शामिल हैं। सिपाही विनोद यादव ने बताया कि वह बीघापुर के गौरी में कथा कार्यक्रम की ड्यूटी से लौट रहे थे। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि हादसे के बाद चालक फरार हो गया। यात्रियों को दूसरे वाहनों से भेजा गया।

पेट्रोल डालकर देवर को जलाने की आरोपी महिला गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव। नगर पंचायत के मोहल्ला कस्टोलवा में बीते सोमवार को देवर पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की आरोपी महिला को कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जानकारी के अनुसार कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने उपनिरीक्षक रमेश सेंगर और पुलिस टीम के साथ नगर पंचायत के मोहल्ला शीतलगंज निवासी प्रीति (28) पुत्री फक्कीरे लाल को उसके घर से गिरफ्तार किया। बांगरमऊ के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी संजय ने अपने छोटे भाई करन पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के आरोप में प्रीति के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था। गंभीर रूप से झुलसे करन की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में करन के ससुर और साले की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

स्टेडियम में सजा पटाखा बाजार, खरीदारी को उमड़ी भीड़

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा की रेती में पानी अधिक होने के कारण इस बार जिला प्रशासन ने बस्ती से बाहर सुरक्षित स्थान पर पटाखा बाजार लगवाने का निर्णय लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर सरैयां स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में पटाखों की दुकानें सजाई गईं। शुक्रवार को खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।लाइसेंस प्राप्त करने के बाद पटाखा कारोबारियों ने स्टेडियम में दुकानें लगाईं। शुक्लागंज के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग पटाखे खरीदने पहुंचे। लोगों ने अनार, बम, रॉकेट, चकरघिन्नी, फुलझड़ी और सतरंगी सहित विभिन्न प्रकार के पटाखों की खरीदारी की। सुरक्षा के मद्देनजर बाजार के पास दमकल की गाड़ी और अन्य जरूरी संसाधन तैनात किए गए थे। दुकानदार भी सुरक्षा मानकों का पालन करते नजर आए।

धनतेरस पर बाजारों में एसएसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

शुक्लागंज, उन्नाव। धनतेरस और दीपावली पर्व को देखते हुए शुक्रवार को एसएसपी जयप्रकाश सिंह और एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव ने गंगाघाट थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान अधिकारियों ने प्रमुख सर्राफा दुकानों की जांच की और व्यापारियों से सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। एसएसपी ने दुकानदारों को उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे चालू रखने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और आभूषणों के परिवहन में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। अधिकारियों ने व्यापारियों और आमजन से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। वहीं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मुस्तैदी से तैनात रहने, संदिग्धों की चेकिंग करने और नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए।

स्कूल में रंगोली और दीया मेकिंग प्रतियोगिता

शुक्लागंज, उन्नाव। अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल और लिटिल किंगडम में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न इंटर हाउस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।लिटिल किंगडम में क्राफ्ट और ड्राइंग प्रतियोगिता हुई। कक्षा एक से चार तक के बच्चों ने क्ले आर्ट तथा कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों ने नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाई। वहीं कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों ने रंगोली, दीया और तोरण मेकिंग में अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. अंकिता सोनी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।

इंजन चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

अजगैन, उन्नाव। अजगैन थाना पुलिस ने खेत से पानी का इंजन चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के दो पंप सेट इंजन बरामद किए हैं। छेदनी खेड़ा जंसार निवासी विनोद पुत्र माही ने पांच नवंबर को तहरीर देकर बताया था कि उनके खेत में ट्राली पर रखा पानी का इंजन अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। शुक्रवार को उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए रामविलास पासी निवासी कोडरा, अरविंद रैदास और शिवा लोध निवासी नया खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से हरे रंग की टंकी वाला एक इंजन और फील्ड मार्शल कंपनी का दूसरा इंजन बरामद हुआ है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में चोरी का माल रखने संबंधी धारा भी बढ़ाई है।

खेलों से विकसित होती है अनुशासन और निर्णय क्षमताः बीएसए

उन्नाव। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न विकासखंडों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद और लंबी कूद सहित विभिन्न स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता और विशिष्ट अतिथि बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। खेल मैदान में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर शिक्षकों और दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया।